NavBharat Times-New Delhi-22-03-2011

डीटीयू में 115 स्टूडेंट्स को एक से ज्यादा ऑफर

डीटीयू में अब तक 144 कंपनियां कैंपस सिलेक्शन के लिए आ चुकी हैं, आईटी सेक्टर की कंपनियों ने सबसे ज्यादा स्टूडेंट्स को चुना है

प्रमुख संवाददाता ॥ नई दिल्ली

दिल्ली टेक्नलॉजिकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) में भी कैंपस प्लेसमेंट के मामले में इस बार स्टूडेंट्स को पहले के मुकाबले कहीं बेहतर मौके मिल रहे हैं। यहां अभी प्लेसमेंट प्रोसेस चल रहा है और सभी स्टूडेंट्स को जॉब ऑफर हो रहा है। यूनिवर्सिटी के मुताबिक, इस साल करीब 500 स्टूडेंट्स ने जॉब के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया था और सभी को जॉब ऑफर हुआ है। 115 स्टूडेंट्स तो ऐसे हैं, जिन्हें एक से ज्यादा कंपनियों ने सिलेक्ट किया है यानी इन स्टूडेंट्स के पास अब कंपनी को चुनने का विकल्प है।

यूनिवर्सिटी के मुताबिक, पिछले साल जहां कैंपस में 138 कंपनियां आई थी और 683 स्टूडेंट्स को जॉब ऑफर किया गया था, वहीं इस बार अब तक 144 कंपनियां आ चुकी हैं और 800 लोगों को जॉब ऑफर हुआ है। आईटी सेक्टर की कंपनियों ने सबसे ज्यादा स्टूडेंट्स को सिलेक्ट किया है। इसके बाद ऑटोमोबाइल, सिविल एंड कंस्ट्रक्शन सेक्टर की कंपनियों ने भी स्टूडेंट्स को चुना है। अब तक डीटीयू के 4 स्टूडेंट्स को सबसे ज्यादा यानी 11.8 लाख रुपये का पैकेज ऑफर हुआ है। यूनिवर्सिटी के मुताबिक, पिछले साल के मुकाबले औसत पैकेज में भी सुधार हुआ है। प्लेसमेंट में औसत पैकेज 6 लाख रुपये तक रहा है। इस बार पैकेज में 20 पर्सेंट तक का इजाफा देखने को मिल सकता है। इसके अलावा कंपनियां बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स को सिलेक्ट कर रही हैं। मसलन इस बार तीन कंपनियों ने एक साथ 33, 27 और 25 स्टूडेंट्स को चुना है। यूनिवर्सिटी का कहना है कि पिछले सालों तक स्टूडेंट्स प्लेसमेंट के दौरान सैलरी पैकेज को ही सबसे ज्यादा महत्व देते थे लेकिन अब वे बेहतर करियर और वर्क प्रोफाइल को देखते हुए भी कंपनी के ऑफर स्वीकार कर रहे हैं।

डीटीयू में एमबीए कोर्स को पूरा करने वाले स्टूडेंट्स का भी प्लेसमेंट चल रहा है। इस साल एमबीए के पहले बैच का प्लेसमेंट हो रहा है। डीटीयू के वाइस चांसलर प्रो. पी. बी. शर्मा के मुताबिक यूनिवर्सिटी मार्केट की डिमांड के मुताबिक कोर्स तैयार कर रही है। स्टूडेंट्स इंडस्ट्री में विजिट कर रहे हैं और प्रोजेक्ट वर्क पर भी खासा ध्यान दिया जा रहा है।